# मगध विश्वविद्यालय, बोधगया
# Magadh University, Bodhgaya

## आवश्यक सूचना
## (Sports Calender)

मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के अन्तर्गत सभी अंगीभूत/अल्पसंख्यक महाविद्यालय के प्रधानाचार्य/विभागाध्यक्ष स्नातकोत्तर विभाग /निदेशक व्यवसायिक पाठ्यक्रम /कॉमन रूम अध्यक्ष /खेल–कूद प्रभारी /पी0टी0आई एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि खेल–कूद समिति की बैठक के प्रत्यासा में अन्तर महाविद्यालय खेल–कूद प्रतियोगिता 2023–2024 सम्पन्न कराने का दायित्व निम्नलिखित महाविद्यालय/म0वि0वि0 खेल–कूद निदेशालय को इस शर्त्त के साथ सौपी, जाय, ताकि प्रतियोगिताएँ निर्धारित तिथि के पूर्व निश्चित रूप से आयोजित करा ली जाय ताकि अंतर विश्वविद्यालय में भाग लेने हेतु टीम को नियत समय पर भेजा जा सकें।

| क0 सं0 | प्रतियोगिता का नाम | आयोजक महाविद्यालय का नाम | प्रतियोगिता प्रारंभ कराने की निश्चित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | कॉसकंन्ट्री (पू0) | एस0बी0एन0 कॉलेज,दरहेट्टा लारी | 03 अक्टूबर 2023 |
| 2. | वेट/पावर लिफ्टींग (म0पु0) | एस0एन0एस0 कॉलेज, टेकारी | 05 अक्टूबर 2023 |
| 3. | फुटवॉल (पू0) | मिर्जागालीब कॉलेज, गया | 07 अक्टूबर 2023 |
| 4. | कुश्ती (पू0म0) | एस0एन0एस0 कॉलेज, जहानाबाद | 12 अक्टूबर 2023 |
| 5. | शुटींग (पू0म0) | के0एल0एस कॉलेज, नवादा | 12 अक्टूबर 2023 |
| 6. | खो– खो (पू0) | जगजीवन कॉलेज, गया | 14 अक्टूबर 2023 |
| 7. | कबड्डी (पू0) | एस0एस0 कॉलेज, जहानाबाद | 16 अक्टूबर 2023 |
| 8. | बैडमीन्टन (पू0म0) | गया कॉलेज, गया | 18 अक्टूबर 2023 |
| 9. | वास्केटवॉल (पू0) | एस0 सिन्हा कॉलेज, औरंगाबाद | 18 अक्टूबर 2023 |
| 10. | एथलेटीक (पू0म0) | मगध विश्वविद्यालय, बोधगया | प्रतियोगिता तिथि शिघ्र प्रकाशित की जायेगी। |
| 11. | वालीवॉल (म0) | रामलखन सिंह यादव कॉलेज, औरंगाबाद | 26 अक्टूबर 2023 |
| 12. | वालीवॉल (पू0) | अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया | 28 अक्टूबर 2023 |
| 13. | खो– खो (म0) | किशोरी सिंहा महिला कॉलेज, औरंगाबाद | 31 अक्टूबर 2023 |
| 14. | तीरंदाजी (पू0म0) | ए0एन0एस0 कॉलेज, नवीनगर | 01 नवम्बर 2023 |
| 15. | कबड्डी (म0) | गया कॉलेज, गया | 02 नवम्बर 2023 |
| 16. | वॉल बैडमीन्टन (म0) | आर0एम0डब्लु0 कॉलेज, नवादा | 02 नवम्बर 2023 |
| 17. | शतरंज (पू0म0) | दाऊदनगर कॉलेज, दाऊदनगर | 03 नवम्बर 2023 |
| 18. | टेबल टेनीस (पू0म0) | जी0बी0एम0 कॉलेज गया | 03 नवम्बर 2023 |
| 19. | वॉल बैडमीन्टन (पू0) | एस0एन0एस0 कॉलेज, वारसलीगंज | 04 नवम्बर 2023 |
| 20. | हैन्डबाल (पू0म0) | एस0डी0 कॉलेज, कलेर | 06 नवम्बर 2023 |
| 21. | क्रिकेट (पू0) | गया कॉलेज, गया | 07 नवम्बर 2023 |
| 22. | मुक्केबाजी (पू0म0) | मिर्जागालीब कॉलेज, गया | 10 नवम्बर 2023 |

इस प्रतियोगिता के अध्यक्ष, आयोजक विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के स्पोर्टस निदेशक/प्राचार्य/क्रीड़ा/कॉमन–रूम के अध्यक्ष आयोजक समिति के सचिव होगें। आयोजक सचिव उपरोक्त सूचि के अनुसार निश्चित तिथि निर्धारित कर प्रतियोगिताएँ सम्पन्न करा लें। इसके पूर्व सभी अंगीभूत महाविद्यालय एवं अल्पसंख्यक महाविद्यालय अधोहस्ताक्षरी को एक प्रति अवश्य भेजें तथा प्रतियोगिता समाप्त होने के उपरान्त आयोजित होने वाले महाविद्यालय व्यय

P.T.O

Scanned with OKEN Scanner

की ब्यौरा विश्वविद्यालय को प्रतियोगिता समाप्त होने के 15 दिनों के अन्दर भेज दें। जिससे की अनुमानित राशि महाविद्यालय को भेजी जा सके।

ज्ञातव्य हो कि जिन प्रतिभागी छात्र/छात्राओं का प्रविष्टिपत्र अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लेनें हेतु भेजा जायेगा उसके साथ वर्तमान सत्र का परिचय प्रमाण पत्र, जन्म तिथि प्रमाण पत्र, इन्टर (10+2) का अंक पत्र एवं अधार कार्ड तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं कें अध्ययनरत छात्र/छात्राओं का स्नातक का अंक पत्र की छायाप्रति संबंधित महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यो से अभिप्रमाणित कराकर भेजना आवश्यक है, क्योंकि अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ की स्पोर्टस बोर्ड का ऐसा निर्देश प्राप्त हुआ है। प्रविष्टप्रत्र के साथ अभियाचित एवं निर्देशित कागजातों कों अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उचित समय पर उपलब्ध नही कराया जायेगा तो प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में भाग लेने से वंचित होना पड़ेगा।

प्रत्येक महाविद्यालय अपनी प्रपिष्टि पत्र संबंधित खेलो के आयोजक महाविधालय को अवश्य भेज देगें। आयोजन सचिव प्रविष्टि प्राप्त होने के बाद टाई सीट बनाकर भाग लेने वाले टीम को तथा एक प्रति चयन समिति के सदस्यों को एवं अधोहस्ताक्षरी को भेजने का कष्ट करेगें। टाई सीट भेजने में यह सावधानी रखनी चाहिए कि समय से पूर्व निश्चित रूप से सभी महाविद्यालय को प्राप्त हो जाए। सभी प्रधानाचार्य को कुलपति महोदय के आदेशानुसार यह निर्देश दिया जाता है, कि वे अपने महाविद्यालय की टीम को अधिक से अधिक प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु आवश्यक कारवाई करें।

आयोजक महाविद्यालय को निदेशित किया जाता है, कि अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता/चयन के बाद चयनित दल को अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु टीम भेजना सुनिश्चित करें टीम भेजने के विरूद्ध व्यय होने वाली राशि आयोजक महाविद्यालय द्वारा ही देय होगा साथ ही आयोजक महाविद्यालय सभी सूचनाएँ अध्योहस्ताक्षरी को प्रेषित करेंगें।

ज्ञापांक 729/S/M.U/23 दिनांक 12.09.2023

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषितः–

1. कुलपति महोदय के सचिव, म० वि० वि०, बोधगया।
2. प्रतिकुलपति/कुलसचिव महोदय के सचिव, म० वि० वि० , बोधगया।
3. अध्यक्ष, छात्र कल्याण, म० वि० बोधगया।
4. वित्त पदाधिकारी/सम्पदा पदाधिकारी, म० वि० वि०, बोधगया।
5. संरक्षक/अधीक्षक, सभी छात्रावास, म० वि० वि०, बोधगया।
6. खेल–कूद प्रभारी, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया।
7. ओ० एस० डी० मगध विश्वविद्यालय, बोधगया।

नोट– (1) स्पोर्ट्स समिति के निर्णयानुसार सभी प्रधानाचार्य/खेल–कूद प्रभारी/पी० टी० आई को निर्देश दिया जाता है। कि जो महाविद्यालय खेल–कूद प्रतियोगिता में रूचि नही लेते है, उन महाविद्यालय का स्पोर्ट्स फण्ड सीज कर लिया जायेगा और विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार आवश्यक कारवाई की जायेगी।

(2) विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि एवं समय के अनुसार प्रतियोगिता को अवश्य सम्पन्न करा लें।

(3) पत्र प्राप्ति की सूचना E-mail Id:- drsray7@gmail.com में अवश्य दें।

(4) जिन छात्र/छात्राओं/खिलाड़ियों का चयन अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लेना होगा उनके लिए आधार कार्ड अनिवार्य होगा।

12.09.23

निदेशक, खेल–कूद
मगध विश्वविद्यालय, बोधगया

Scanned with OKEN Scanner